भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †542
सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तीर्थस्थलों हेतु स्वीकृत निधि

†542. प्रो. सौगत रायः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के विभिन्न तीर्थस्थलों हेतु विगत तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत केन्द्रीय निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास अपने उद्देश्यों के उचित कार्यान्वयन की निगरानी के लिए कोई तंत्र उपलब्ध है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय अपनी किसी भी योजना के तहत किसी भी तीर्थस्थल केंद्र को निधि जारी नहीं करता है। हालांकि पर्यटन मंत्रालय पूर्व-चिह्नित गंतव्यों पर तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना/सुविधाओं के सृजन के लिए अपनी प्रशाद योजना के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है । योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय स्वीकृत परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए सभी संबन्धित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के निरंतर संपर्क में रहता है और माह-वार प्रगति रिपोर्टों, साइटों के नियमित दौरे और विभिन्न स्तरों पर आवधिक समीक्षा के माध्यम से परियोजनाओं के निष्पादन को मॉनिटर करता है।

*****

अनुबंध

तीर्थस्थलों हेतु स्वीकृत निधि के संबंध में दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †542 के भाग (क) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा

(करोड़ रु. में)

| राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति का वर्ष | अनुमोदित लागत |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 2015-16 | 27.77 |
| | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 |
| | 3. | विशाखापत्तनम के सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारीदेवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4. | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास। | 2020-21 | 37.88 |
| असम | 5. | गुवाहाटी और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थल का विकास | 2015-16 | 29.80 |
| बिहार | 6. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 4.27 |
| | 7. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 41.54 |
| छत्तीसगढ़ | 8. | मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर राजनंदगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 |
| गुजरात | 9. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 |
| | 10. | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाएं | 2016-17 | 45.36 |
| | 11. | प्रशाद योजना के तहत सोमनाथ में प्रोमिनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 |
| | 12. | सोमनाथ गुजरात में क्यू मैनेजमेंट कॉम्पलेक्स के साथ पिलग्रिम प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 13. | बनासकांठा, गुजरात के अंबाजी मंदिर में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 50.00 |
| हरियाणा | 14. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 |
| जम्मू और कश्मीर | 15. | हजरतबल में विकास, | 2016-17 | 40.46 |
| झारखंड | 16. | बैद्यनाथजीधाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 |
| केरल | 17. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 18. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 |
| | 19. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| महाराष्ट्र | 20. | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 52.92 |
| मेघालय | 21. | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| मिजोरम | 22. | प्रशाद योजना के तहत मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.88 |
| नागालैंड | 23. | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 |
| | 24. | प्रशाद योजना के तहत जुन्हेबोटो, नागालैंड में तीर्थयात्रा और पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 |
| ओडिशा | 25. | मेगा परिपथ के तहत पुरी में श्री जगन्नाथधाम - रामाचंडी - देउली में प्राची रिवर फ्रंट पर अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 |
| पंजाब | 26. | अमृतसर में करुणसागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 |
| | 27. | प्रशाद योजना के तहत रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 |
| राजस्थान | 28. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| सिक्किम | 29. | चार संरक्षक संतों, युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| तमिलनाडु | 30. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| | 31. | वेलान्कन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तेलंगाना | 32. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 |
| | 33. | तेलंगाना के भद्राचलम, भदाद्री कोट्टागुडम जिले में तीर्थयात्रा संबंधी अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| | 34. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |
| त्रिपुरा | 35. | त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.80 |
| उत्तराखंड | 36. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 |
| | 37. | प्रशाद योजना के तहत बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.13 |
| | 38. | प्रसाद योजना के तहत उत्तराखंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं और गंगोत्री और यमुनोत्री धाम का संवर्धन | 2021-22 | 54.36 |
| उत्तर प्रदेश | 39. | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 10.98 |
| | 40. | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| | 41. | वाराणसी – चरण - I का विकास | 2015-16 | 20.40 |
| | 42. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 9.02 |
| | 43. | प्रसाद योजना (चरण - II) के तहत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 |
| | 44. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 |
| पश्चिम बंगाल | 45. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 |

*****